# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

## संभावित पेपर-7

**1. निम्नलिखित में से कौन सा स्थल बौद्धों के तीर्थ स्थलों में से एक नहीं है**

(अ) बोध गया (ब) सारनाथ (स) ग्वालियर (द) कुशीनगर

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बौद्ध थे इनका जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी नामक स्थान पर हुआ था दिए गए विकल्पों में ग्वालियर का संबंध बौद्ध तीर्थ स्थल से नहीं है

**2. फॉसिल पार्क मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?**

(अ) शिवपुरी (ब) मण्डला (स) भोपाल (द) पन्ना

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश का फॉसिल पार्क डिंडोरी जिले के शाहपुरा में स्थित है, हालांकि डिण्डोरी जिला बनने से पूर्व वह मण्डला जिले का भाग था

**3. ----- में औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल प्रशासकों के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आए?**

(अ) 1708 (ब) 1705 (स)1706 (द) 1707

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु के बाद भारत के विभिन्न हिस्सों में मुगल प्र के तहत कई क्षेत्रीय साम्राज्य सत्ता में आए

**4. इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी उद्यान किस राष्ट्रपति उद्यान का नाम है?**

(अ) पेंच (ब) सतपुड़ा

(स) कान्हा किसली (द) बाँधवगढ़

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** पेंच राष्ट्रीय उद्यान का नया नाम प्रियदर्शनी राष्ट्रीय उद्यान है इसकी स्थापना 1983 में की गई थी तथा 1992-93 में इसे प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल किया गया

**5. भारत की राजधानी को किस शहर से दिल्ली ले जाया गया था?**

(अ) बम्बई (ब) मद्रास (स) कलकत्ता (द) मैसूर

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय के शासनकाल में राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा की गई

**6. बैतूल जिले से कौन सी नदी का उद्गम होता है?**

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा (स) युमना (द) ताप्ती

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले की मुलताई तहसील से ताप्ती नदी का उद्गम होता है ताप्ती, नर्मदा नदी के समानांतर बहते हुए खंभात की खाड़ी सूरत के निकट गिरती है

**7. राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव किनके द्वारा किया जाता है?**

(अ) राज्यों की विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा

(ब) लोकसभा के सदस्यों द्वारा

(स) भारत की जनता द्वारा

(द) विधान परिषद के सदस्यों द्वारा

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव राज्यों की विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा किया जाता है राज्यसभा भारतीय लोकतंत्र की प्रतिनिधि सभा है

**8. डायनासोर के अश्मीभूत अंडे पाये गये है?**

(अ) भोपाल जिले में (ब) इंदौर जिले में

(स) धार जिले में (द) रतलाम जिले में

**उत्तर- (स)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**व्याख्या-** प्राकृतिक संपदा से समृद्ध मध्यप्रदेश के धार जिले में अनुसंधानकर्ताओं के एक समूह द्वारा करोड़ों वर्ष पहले विलुप्त हो चुके डायनोसोर के लगभग 6.5 करोड़ वर्ष पुराने प्रजनन स्थल की खोज की गयी है

**9. ----- किसी भी विधेयक को धन विधेयक घोषित करने का निर्णय लेते हैं?**

(अ) भारत के राष्ट्रपति (ब) राज्यसभा के सभापति

(स) भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर (द) लोकसभा अध्यक्ष

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** लोकसभा अध्यक्ष यह अधिप्रमाणित करता है कि कौन सा विधेयक धन विधेयक है यह कार्य राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से किया जाता है

**10. माण्डू निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**

(अ) जीवाजी राव (ब) रानी रूपमती

(स) अलाउद्दीन खां (द) झलकारी बाई

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** माण्डू मध्यप्रदेश के धार जिले में आने वाला प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है इसे सिटी ऑफ ज्वॉय के नाम से भी जाना जाता है माण्डू यहां के शासक रहे बाज बहादुर और रानी रूपमती की अमर प्रेम कहानी का साक्षी है

**11. एक पूर्णिमा से दूसरी पूर्णिमा के बीच के बीच की समय अवधि कितनी होती है?**

(अ) 29 दिन (ब) 29 दिन से थोड़ी अधिक

(स) 30 दिन (द) 28 दिन

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** चंद्रमा की आकृति में प्रतिदिन परिवर्तन होता है एवं ऐसे दिन जब चंद्रमा की आकृति पूर्णतः गोल प्रतीत होती है तो उसे पूर्णिमा कहते हैं एक पूर्णिमा से दूसरी पूर्णिमा की अवधि 29.53 दिन होती है इस समय को एक चंद्रमास या साइनोडिक मास कहते हैं

**12. मध्यप्रदेश में देश के पहले रेडियो 'रेडियो आजाद हिन्द ' का शुभारंभ किस तिथि को किया गया?**

(अ) 5 मार्च 2011 (ब) 25 मार्च 2012

(स) 1 नवंबर 2011 (द) 1 फरवरी 2012

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 25 मार्च 2012 को भोपाल में स्वतंत्रता संग्राम और स्वराज के मूल्यों को पूर्णतः समर्पित देश के पहले रेडियो 'रेडियो आजाद हिन्द ' का शुभारंभ किया

**13. इनमें से किस झील का निर्माण दक्कन के बेसाल्टिक चट्टानों पर बड़े उल्कापिंड के गिरने से हुआ?**

(अ) लोनार (ब) वियना (स) रन्कला (द) अम्बाजारी

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** लोनार झील का निर्माण दक्कन के बेसाल्टिक चट्टानों पर बड़े उल्का पिंड के गिरने से हुआ है यह महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थित एक खारे पानी की झील है

**14. मध्यप्रदेश सरकार ने पॉलिथीन के वितरण एवं प्रयोग पर प्रतिबंध कब लगाया?**

(अ) दिसंबर, 2003 (ब) जनवरी, 2004

(स) सितंबर, 2005 (द) जनवरी, 2006

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से मध्यप्रदेश में कम मोटाई वाली पॉलिथीन से थैलियों व शीटों के वितरण एवं प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध 1 जनवरी 2004 से आरोपित किया गया है

**15. तिल्लाना किस नृत्य की प्रस्तुति शैली है?**

(अ) कथक (ब) ओडिसी (स) भरतनाट्यम (द) कुचीपुड़ी

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** भरतनाट्यम का अंतिम अंश तिल्लाना कहलाता है इस अंश में नारी सौंदर्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया जाता है यह अत्यंत आकर्षक होता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**16. भारत में किस तिथि को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है?**

(अ) 26 जनवरी    (ब)  24 जनवरी

(स) 21 जनवरी    (द) 25 जनवरी

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** 25 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है

**17. भारत में, भौतिक विज्ञान के लिए, प्रथम  नोबेल पुरस्कार किसने प्राप्त किया?**

(अ) डॉक्टर सी वी रमन    (ब) डॉ हरगोविंद खुराना

(स) प्रोफेसर सीएनआर राव   (द)  प्रोफेसर नार्लीकर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** सीवी रमन भारतीय भौतिक शास्त्री थे प्रकाश के प्रकीर्णन पर उत्कृष्ट कार्य के लिए 1930 में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार दिया गया

**18. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सार्वजनिक उपलब्धि के लिए भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार दिए जाते हैं?**

(अ)  साहित्य  (ब) गरीबी उन्मूलन   (स) खेल   (द) अर्थशास्त्र

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** अर्जुन पुरस्कार भारत सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है इस पुरस्कार का प्रारंभ 1961 में हुआ था

**19. इसरो का पहला स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशन कौन सा था?**

(अ)  मंगलयान II  (ब)  मंगलयान  (स) चंद्रयान  (द) गगनयान

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 के स्वतंत्रता दिवस संबोधन में गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष अभियान की घोषणा की थी यह वर्ष 2022 में प्रस्तावित है

**20. पीटर स्क्वायर कहां स्थित है इनमें से कौन सा स्थान सही है?**

(अ)  ऐथेन्स  (ब) बर्लिन   (स) वाशिंगटन  (द)  वेटिकन सिटी

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** पीटर स्क्वायर वेटिकन सिटी मे स्थित है  वेटिकन सिटी यूरोप महाद्वीप में स्थित विश्व का सबसे छोटा देश है इस की राजधानी वेटिकन सिटी अथवा मुद्रा यूरो है

**21. सीव ट्यूब और सह कोशिकाएं मुख्य रूप से---- के संचरण के लिए उत्तरदायी होती है?**

(अ) पत्ते में पानी    (ब)  मानव शरीर में भोजन

(स)  पौधों में भोजन (द) पौधों में सूर्य के प्रकाश

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** सीव ट्यूब और सह कोशिकाएं मुख्य रूप से पौधों में भोजन के संचरण के लिए उत्तरदायी होती हैं इनके द्वारा पूरे पौधे में कार्बोहाइड्रेट को पहुंचाया जाता है

**22. इन अंगों में से कौन सा अवशेषी अंग नहीं है?**

(अ) मस्तिष्क    (ब) अक्ल दाढ़

(स) एपेन्डिक्स   (द) कान की मांसपेशियां

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** अक्ल दाढ़, एपेन्डिक्स तथा कान की मांसपेशियां मानव में अवशेषी अंग होते हैं जबकि मस्तिष्क मानव में अवशेषी अंग नहीं होते हैं

**23. टेपवर्म फाइलम____ से संबंधित है?**

(अ) ऐस्केहेल्मिन्थीज    (ब) एनिलिडा

(स) प्लेटिहेल्मिन्थीज    (द) निमेटोडा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** प्लेटिहेल्मिन्थीज शब्द ग्रीक भाषा के दो शब्द Platy = Flat तथा helminthes = Worm से मिलकर बना है प्लेटिहेल्मिन्थीज शब्द का अर्थ चपटे कृमि होता है इनमें से अधिकांश परजीवी होते हैं टेपवर्म फाइलम, प्लेटिहेल्मिन्थीज से संबंधित है यह प्रोटोस्टोमी होते हैं परंतु इनमें देहगुहा नहीं होती

**24. निम्नलिखित में से कौन सहजीवी संबंध को दर्शाता है?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) काई (ब) युलेथ्रिक्स (स) जल तिपतिया (द) फ्यूनेरिया

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** लाइकेन, कवक तथा शैवाल दोनों से मिलकर बनता है इसमें कवक तथा शैवालों का संबंध सहजीवी होता है

**25. ऊर्जा उत्पादन के दौरान ग्लूकोज का पायरूवेट में विघटन कहां होता है?**

(अ) केंद्रक (ब) एंडोप्लास्मिक रेटिकुलम

(स) कोशिका द्रव्य (द) माइटोकॉन्ड्रिया

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** ऊर्जा उत्पादन के दौरान ग्लूकोज का पायरूवेट में विघटन ग्लाइकोलिसिस में संपन्न होता है ग्लाइकोलिसिस की यह प्रक्रिया कोशिका द्रव्य में संपन्न होती हैं

**26. -----मानव में अमोनिया को यूरिया में बदल देता है?**

(अ) किडनी (ब) लीवर (स) अग्नाशय (द) बड़ी आंत

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** यूरिया का स्वाभाविक रूप से निर्माण प्रोटीन के टूटने की प्रक्रिया के दौरान होता है इस प्रक्रिया की वजह से प्रोटीन में मौजूद अमीनो अम्ल से एमीनो समूह निकल जाते हैं ये एमिनो समूह बेहद जहरीले अमोनिया में परिवर्तित हो जाते हैं और इस तरह बनने वाला अमोनिया अंत में लीवर द्वारा यूरिया में बदल दिया जाता है यूरिया का निर्माण आर्निथीन चक्र के द्वारा होता है जिसमें अमोनिया यूरिया में बदल जाती है

**27. पौधों के बीज में भ्रूण होता है जो उचित परिस्थितियों में अंकुरित हो जाता है इस प्रक्रिया को इनमें से किस के रूप में जाना जाता है?**

(अ) अंकुरण (ब) पर परागण (स) परागण (द) वाष्पोत्सर्जन

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** उचित परिस्थितियों में किसी बीज के नए पौधे के रूप में विकसित होने की प्रक्रिया को अंकुरण कहा जाता है इसके लिए बीज को 3 मूलभूत घटकों की आवश्यकता होती है जल, वायु, उचित तापमान

**28. पौधे प्रजनन की किस विधि द्वारा उत्पन्न होते हैं जिसमें आनुवांशकीय रूप से जनक के सभी गुण पौधे में होते हैं?**

(अ) वर्धी जनन (ब) पुनर्जनन (स) विखंडन (द) यौन प्रजनन

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** पौधों में बीज को छोड़कर किसी अन्य भाग जैसे- जड़, तना, पत्ती आदि से पौधा विकसित होने की प्रक्रिया प्राकृतिक कायिक प्रवर्धन या वर्धी जनन कहलाती है

**29. खाने का नमक किससे बना होता है?**

(अ) एक मजबूत अम्ल और एक मजबूत क्षार

(ब) एक कमजोर अम्ल और एक कमजोर क्षार

(स) एक कमजोर अम्ल और एक मजबूत क्षार

(द) एक मजबूत अम्ल और एक कमजोर क्षार

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** खाने का नमक एक प्रबल अम्ल एवं एक प्रबल क्षार से मिलकर बना होता है

**30. निष्क्रिय लिटमस विलियन का रंग---- होता है?**

(अ) बैंगनी (ब) काला (स) नीला (द) जामुनी

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** लिटमस एक प्राकृतिक सूचक है यह पानी में घुलनशील होता है इसे लाइकेन के पौधें से प्राप्त किया जाता है निष्क्रिय लिटमस विलयन का रंग बैंगनी होता है

**31. निम्नलिखित में से कौन सा डॉबेराइनर त्रिक का तीसरा सदस्य है जिसमें लीथियम और सोडियम भी शामिल होते हैं?**

(अ) पोटैशियम (ब) बोरॉन (स) बेरियम (द) हाइड्रोजन

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** वुल्फगांग डॉबेराइनर ने बताया कि त्रिक के तीनों तत्वों को उनके परमाणु द्रव्यमान के आरोही क्रम में रखने पर बीच वाले तत्व का परमाणु द्रव्यमान अन्य दो तत्वों के परमाणु द्रव्यमान का औसत होता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**32. जब मेंडलीव ने अपना काम शुरू किया था तब कितने तत्व ज्ञात थे?**

(अ) 65 (ब) 64 (स) 66 (द) 63

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** 1869 ईस्वी में रूसी रसायन शास्त्री मेंडलीव ने परमाणु भार के आधार पर 63 तत्वों की आवर्त सारणी बनायी

**33. जहाज की गति में वृद्धि----- पर आधारित है?**

(अ) आर्किमिडीज का सिद्धांत (ब) फैराडे नियम

(स) फ्लेमिंग राईट हैंड रूल (द) न्यूटन के गति का दूसरा नियम

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** जहाजों की गति में वृद्धि आर्किमिडीज सिद्धांत पर आधारित है जब कोई वस्तु किसी द्रव में पूरी अथवा आंशिक रूप से डुबोई जाती है तो उसके भार में आभासी की कमी होती है भार में यह आभासी कमी वस्तु द्वारा हटाए गए द्रव के भार के बराबर होती है इसे आर्किमिडीज सिद्धांत कहते हैं

**34. विद्युत ऊर्जा की वाणिज्यिक इकाई---- है?**

(अ) वाट (ब) किलोवाट (स) किलोवाट-घंटा (द) जूल

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** विद्युत ऊर्जा की वाणिज्यिक इकाई किलोवाट घंटा है 1 किलोवाट घंटा मात्रक अथवा एक यूनिट विद्युत ऊर्जा की वह मात्रा है जो किसी परिपथ में 1 घंटे में व्यय होगी

**35. इलेक्ट्रिक मोटर एक उपकरण है जो विद्युत ऊर्जा को___ में परिवर्तित करता है?**

(अ) यांत्रिक ऊर्जा (ब) विकिरण ऊर्जा

(स) रासायनिक ऊर्जा (द) स्थितिज ऊर्जा

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** इलेक्ट्रिक मोटर विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है यांत्रिक ऊर्जा कार्य करने के लिए किसी वस्तु में विद्यमान गतिज ऊर्जा एवं स्थितिज ऊर्जा के योग को यांत्रिक ऊर्जा कहते हैं








